वर्कशीट संख्या – ०१

कक्षा – १० विषय – हिंदी पाठ – बालगोबिन भगत

प्रश्न –१ नीचे लिखे प्रश्नों में से उचित उत्तर पर सही का निशान लगाओ ।

(क)बालगोबीन भगत का कद कैसा था ?

(अ) लंबे आकार का (ब) बहुत छोटे आकार का

(स) मंझोले आकार का (द) बहुत लंबे आकार का ।

(ख)भगत किस पंथ के अनुयायी थे ?

(अ) वाम पंथ (ब) खालसा पंथ (स) कबीरपंथ (द) उत्तरपंथ ।

(ग) लेखक ने निम्नलिखित में से किसे नहीँ देखा था ?

(अ) बालगोबीन भगत को (ब) भगत की पतोहू को

(स) भगत के पुत्र को (द) भगत की पत्नी को ।

(घ) बालगोबिन भगत को लेखक ने क्या माना है?

(अ) संन्यासी (ब) गृहस्थ (स) साधु (द) साहब ।

(ङ) 'भरमार होना' का उचित पर्याय वाला विकल्प कौन-सा है ?

(अ) मार – पीट होना (ब) अधिकता होना

(स) कमी होना (द) नीरवता होना ।

प्रश्न –२ बेटे के क्रिया – कर्म में तूल नहीं ; पतोहू से ही आग दिलाई उसकी । किन्तु ज्यों ही श्राद्ध की अवधि पूरी हो गई, पतोहू के भाई को बुलाकर उसके साथ कर दिया , यह आदेश देते हुए कि इसकी दूसरी शादी कर देना । इधर पतोहू रो रोकर कहती – मैं चली जाऊगीं तो बुढ़ापे में कौन आपके लिए भोजन बनाएगा , बीमार पड़े , तो कौन एक चुल्लू पानी भी देगा ? मैं पैर पड़ती हूँ , मुझे अपने चरणों से अलग नहीं कीजिए ! लेकिन भगत का निर्णय अटल था । तू जा , नहीं तो मैं ही इस घर को छोड़ कर चल दूँगा - यह भी उनकी आखिरी दलील और इस दलील के आगे बेचारी की क्या चलती ?

उपरोक्त गद्यांश के आधार पर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

(क) भगत ने पतोहू के भाई को बुलाकर क्या आदेश दिया ?

(ख) भगत की पुत्र वधु अपने भाई के साथ क्यों नहीं जाना चाहती थी ?
(ग) भगत का अटल निर्णय क्या था ?
प्रश्न –३ पाठ के आधार पर निचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए –
(क) खेती का जुड़े बाल गोबिन भगत अपनी किन चारित्रिक विशेषताओ के कारण साधू कहलाते थे ?
(ख) भगत की पुत्र वधु उन्हें अकेले क्यों नही छोड़ना चाहती थी ।
(ग) भगत ने अपने बेटे की मृत्यु पर अपनी भावनाएँ किस प्रकार व्यक्त की ?
(घ) भगत ने व्यक्तित्व और उनकी वेशभूषा का अपने शब्दों में चित्र प्रस्तुत कीजिए ।